हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - साइबर क्राइम **दिनांक 09.10.2024**

- **थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एटीएम मशीन के एटीएम कार्ड स्लॉट में FEVI-KWIK लगाकर तथा एटीएम बूथ के अन्दर फर्जी हेल्पलाइन नम्बर लिखकर भोले-भाले लोगों से धोखाधडी कर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर ठगों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 03 मोबाइल, रसीदें, नकदी, बैग, पर्स व अन्य उपकरण एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के ठग/अपराधी हैं जो किराये पर गाडी लेकर व अपनी स्कूटी या अन्य किसी वाहन से दिल्ली से निकलते हैं और अलग-अलग शहरों में घूम फिरकर देश के हजारों लोगों के साथ इस प्रकार की घटनाएं कारित करते हुए लाखों रुपये ठगी की जा चुकी है।**

कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 19/2024 धारा 318(4) बीएनएस 66डी आईटी एक्ट का सफल अनावरण करते हुए एटीएम मशीन के एटीएम कार्ड स्लॉट में FEVI KWIK लगाकर तथा एटीएम बूथ के अन्दर फर्जी हेल्पलाइन नम्बर लिखकर भोले-भाले लोगों से एटीएम बूथ के अन्दर धोखाधडी कर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के 02 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 03 अदद मोबाइल, रसीदें, नकदी, बैग, पर्स व अन्य उपकरण एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुई है।

उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध करने का तरीका-

गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम भोले-भाले लोगों से एटीएम बूथ के अन्दर हेल्पलाइन नम्बर लिखकर, एटीएम मशीन के एटीएम कार्ड स्लॉट में FEVI KWIK लगा देते हैं जैसे ही एटीएम बूथ में पीडित व्यक्ति पैसे निकालने के लिये एटीएम कार्ड लगाकर पैसे निकालने के लिये गोपनीय पिन डालता है एटीएम बूथ में पहले से ही हम दोनो में से कभी प्रशान्त और कभी फैजान हुसैन पीडित व्यक्ति के पीछे खडे होकर गोपनीय पिन देख लेता है और फिर जैसे ही

पीडित व्यक्ति एटीएम कार्ड मशीन से बाहर निकालने की कोशिश करता है FEVI KWIK की वजह से फंस जाता है, पीडित व्यक्ति परेशान होकर एटीएम मशीन के ऊपर लिखे हेल्पलाइन मोबाइल नम्बर पर काल करता है जोकि हमारे द्वारा ही मार्कर से कागज पर लिखकर चिपकाया जाता है फिर हम दोनो में से एक व्यक्ति एटीएम मशीन से थोडी दूरी पर खडा होता है जो हेल्पलाइन पर लिखे उक्त नम्बर को आपरेट करता है और पीडित व्यक्ति को यह कहकर विश्वास में ले लेते हैं कि आपका एटीएम कार्ड टेक्नीकल कर्मचारी द्वारा निकाला जायेगा तब आपको बैंक में बुलाकर एटीएम कार्ड दे दिया जायेगा। पीडित व्यक्ति के एटीएम बूथ से निकलते ही हम लोग एटीएम कार्ड को प्लास से बाहर निकालकर किसी अन्य एटीएम मशीन से उक्त एटीएम कार्ड से धनराशि की निकासी कर लेते हैं। और विश्वास दिलवाने के लिये एक संबन्धित बैंक की फर्जी कूटरचित रसीद हमसे बरामद मोबाइलों से तैयार कर उनके मोबाइल नम्बर भेज देते हैं इसी प्रकार हम लोगों ने हापुड में भी घटना कारित की हैं।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांकः- पिलखुवा- पुल के नीचे व दिनांक 08.10.2024

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. प्रशान्त उर्फ पुच्ची पुत्र सुनील तोमर निवासी रहरूवा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड व हाल पता – (1) चोटपुर कालोनी सेक्टर 63 नोएडा गौतमबुद्ध नगर, (2) मोहल्ला छिद्दापुरी पिलखुवा थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
2. फैजान हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन निवासी ग्राम बारीपुर भमरूआ थाना गढी जनपद सम्भल हाल पता छोटपुर कालोनी एसएस पब्लिक स्कूल के पास सेक्टर 63 नोएडा गौतमबुद्धनगर

गिरफ्तार अभियुक्त प्रशान्त उर्फ पुच्ची का आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0 107/23 धारा 379, 411, 420, 427, 467, 468, 471 भादवि थाना एक्सप्रेसवे जनपद गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 109/23 धारा 25/4 आर्म्स एक्ट थाना एक्सप्रेसवे जनपद गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0188/23 धारा 379 , 411,420 भादवि थाना सेक्टर-39 जनपद गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0159/23 धारा 420 भादवि थाना सेक्टर 49 जनपद गौतमबुद्धनगर।

गिरफ्तार अभियुक्त फैजान हुसैन का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 554/23 धारा 25/3, 34 , 420, 467,468,471 भादवि थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. 03 मोबाइल,
2. 02 रसीदें
3. 1120 रुपये
4. प्लास, कटर, टेप, मार्कर
5. बैग,पर्स व FEVI KWIK
6. घटना कारित करने में प्रयुक्त स्कूटी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री नजीर अली खान थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री विनीत मलिक थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
3. उ0नि0 श्री प्रबल कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
4. है0का0 647 सुनील कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
5. है0का0 770 तनुज कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।
6. का0 198 नीरज थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड।